ओ श्याम बाबा आई ये कैसी महामारी रे भजन लिरिक्स

बिलख रही है आज धरा पे,
देखो दुनिया सारी रे,
ओ श्याम बाबा आई ये,
कैसी महामारी रे।bd।

तर्ज – दानी होकर तू चुप।

जब जब मुश्किल आयी हमपे,
तूने साथ निभाया,
बाबा तूने साथ निभाया,
गिरते हुए हर भक्त के सर पे,
तूने हाथ फिराया,
बाबा तूने हाथ फिराया,
आज जगत पे आई बाबा,
देखो विपदा भारी रे,
ओ श्याम बाबा आयी ये,
कैसी महामारी रे।bd।

बंद पड़े है सब दरवाजे,
मायूसी है छाई,
कैसी मायूसी है छाई,
दूर हो गए हम अपनों से,
दूर हुई परछाई,
देखो दूर हुई परछाई,
करुणा सागर तुम्हे पुकारे,
दया करो गिरधारी रे,
ओ श्याम बाबा आयी ये,
कैसी महामारी रे।bd।

एक भरोसा तेरा हमको,
तेरा एक सहारा,
हमको तेरा एक सहारा,
कहता है 'शिव सुबोध' अब ये,
दूर करो अंधियारा,
अब ये दूर करो अंधियारा,
लौटा दे मुस्कान 'ईशु' कि,
विनती है बार बार ये,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

ओ श्याम बाबा आयी ये,
कैसी महामारी रे।bd।

बिलख रही है आज धरा पे,
देखो दुनिया सारी रे,
ओ श्याम बाबा आई ये,
कैसी महामारी रे।bd।

Singer – Raj Guru

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com